संख्या–बी–2– 118 /दस–2014

प्रेषक,

डा. बी.एम. जोशी,
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

2– समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 17 जनवरी, 2014.

विषयः– फिक्स्ड प्राईस कान्ट्रैक्ट के कार्यों के सम्पादन हेतु लोक निर्माण विभाग के अधीन भवन सेल द्वारा गठित आगणनों का परीक्षण/मूल्यांकन प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग से न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक लोक निर्माण विभाग के शासनादेश संख्या–1230 ई.जी./23–5–13–25 ई.जी./13, दिनांक 16 जुलाई, 2013 के तारतम्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि फिक्स्ड प्राईस कान्ट्रैक्ट की व्यवस्था में भवन निर्माण के कार्यों को लोक निर्माण विभाग के अधीन भवन सेल द्वारा गठित आगणन को प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग से मूल्यांकित/परीक्षित नहीं कराया जायेगा। व्यय वित्त समिति द्वारा परियोजना तथा विशिष्टियों के स्तर के औचित्य का परीक्षण किया जायेगा, आगणन का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

2– तदनुसार वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–2–84/दस–1996–10/77टी. सी., दिनांक 03 अप्रैल, 1996 के प्रस्तर–3(4) द्वारा विहित व्यवस्था फिक्स्ड प्राईस कान्ट्रैक्ट के मामलों में उपर्युक्त सीमा तक शिथिल/संशोधित समझी जायेगी।

भवदीय

(डा. बी.एम. जोशी)
सचिव।

note/alok

संख्या–बी–2–118 (1)/दस–2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1– आयुक्त, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद।
2– प्रमुख अभियन्ता (विकास) विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता एवं निदेशक, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, उत्तर प्रदेश।
4– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. समाज कल्याण निर्माण निगम लि., लखनऊ।
5– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम, लखनऊ।
6– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लि., लखनऊ।
7– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश।
9– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि., लखनऊ।
10– निदेशक, कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिज़ाईन सर्विसेज, उ.प्र. जल निगम, लखनऊ।
11– प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. विधायन एवं निर्माण सह. संघ लि. (पैकफेड), लखनऊ।
12– निदेशक, प्रायोजना संरचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग।
13– वित्त विभाग के समस्त अधिकारी तथा अनुभाग।
14– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(लहरी यादव)
वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं
विशेष सचिव।

note/alok